रतलाम एवं इन्दौर से प्रकाशित म.प्र. का गौरव
सिंघम टाईम्स
2 अप्रैल 2026
हर पहर की खबर

मनावर ब्लॉक का विकास मॉडल प्रदेश के लिए प्रेरणादायी: गेट्स फाउंडेशन

सिंघम रिपोर्टर ❑ मनावर

मनावर ब्लॉक के ग्राम पंचायत स्तरीय विकास मॉडल की समझ विकसित करने हेतु गेट्स फाउंडेशन के 8 प्रतिनिधियों का दल फील्ड इमर्शन के लिए पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत निगरनी एवं लाखनकोट का दौरा किया ऐब समुदाय से मीटिंग की।

भ्रमण उपरांत प्रतिनिधियों ने ब्लॉक स्तर पर सीईओ जनपद पंचायत की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कन्वर्जेंस मॉडल को विस्तार से समझा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों जैसे आजीविका मिशन , कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केंद्र, पंचायत, मनरेगा ऐब विभिन्रि विभागों की प्रमुख योजनायों के क्रियान्वयन ऐब टीआरआई के टेक्निकल सपोर्ट को समझा और सराहना की। मीटिंग में संकुल संघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

समुदाय, पंचायत ऐब प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से मनावर ब्लॉक में समग्र विकास को गति दी जा रही है। ग्रामीण आजीविका के अंतर्गत समूह की महिलाए कृषि ऐब आजीविका, उद्यमिता में अच्छा कार्य कर रही है, लखपति दीदी, महिला सरपंच, ऐब महिलायो की पंचायतों की भागीदारी बेहतर हुई है। ग्राम पंचायत विकास योजना में वीपीआरपी प्लान का समावेश, ग्राम पंचायत समन्वयन समिति के माध्यम से ट्रैकिंग कर सामाजिक आर्थिक विकास को तेजी दे रही है। ब्लॉक स्तरीय समन्वयन समिति भी इस दिशा में प्रमुख कदम है। सीईओ जनपद पंचायत के नेतृत्व में मनावर ब्लॉक का समावेशी विकास मॉडल एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।